Seat No. : _______________

XU-104

April-2013

B.A. (Sem.-II)

Hindi : EC-II-112

(सामान्य हिन्दी)

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 70**

सूचनाएँ : (1) **सभी** प्रश्नों के उत्तर सूचनानुसार लिखें ।
(2) किसी भी प्रश्न के सभी विभागों के उत्तर एक साथ लिखें ।
(3) वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में न लिखकर पूरे वाक्य में लिखें ।

1. (अ) 'चीफ़ की दावत' कहानी की कथावस्तु संक्षेप में देकर उसका उद्देश्य बताइए । 7

अथवा

'शामनाथ' के चरित्र पर अपने विचार व्यक्त कीजिए ।

(ब) 'जगदम्बा बाबू गाँव आ रहे हैं' कहानी का कथानक अपने शब्दों में लिखिए । 7

अथवा

सुक्खन भौजी का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

2. (अ) 'सदाचार का ताबीज' व्यंग्य की कथा संक्षेप में लिखकर उसके शीर्षक की चर्चा कीजिए । 7

अथवा

'सदाचार का ताबीज' में व्यक्त हास्य-व्यंग्य का उद्देश्य बताइए ।

(ब) प्रस्तुत गद्यांश का एक तिहाई सारांश लिखिए । 7

आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने हिन्दी साहित्य के इतिहास को चार कालों में विभाजित किया है । आरंभिक काल वीरगाथा काल है । इस काल की रचनाओं में सोई वीरता को जगाने की शक्ति है । दूसरा काल भक्तिकाल है । भक्तिकाल के साहित्य में ईश्वर के प्रति अनन्य आस्था और भक्तिभाव को जगाने की अद्‌भुत क्षमता है । तीसरा काल रीतिकाल है । रीतिकालीन साहित्य की प्रमुख प्रवृत्ति श्रृंगार की अभिव्यक्ति है । श्रृंगार के अलावा कुछ कवियों ने कीचड़ में कमल के समान अपनी कुछ रचनाओं में कर्त्तव्य-विमुख समाज को कर्त्तव्य पथ पर बढ़ने की प्रेरणा भी दी है । चौथा युग आधुनिक काल है । इस युग के साहित्य में जीवन की व्यापकता का सफल चित्रण है । यह भी ज्ञातव्य है कि इस काल को गद्य काल भी कहा जाता है ।

अथवा

उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(1) आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने हिन्दी साहित्य को किन चार कालों में विभाजित किया है ?

(2) वीरगाथा काल की रचनाओं का उद्देश्य क्या रहा है ?

(3) रीतिकालीन साहित्य की क्या विशेषता है ?

(4) आधुनिक काल को और किस नाम से जाना जाता है ?

3. संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए । 16

(अ) पोस्टमैन दयाराम की सेवा भावना

अथवा

'पोस्टमैन' कहानी का उद्देश्य

(ब) 'अकेली' कहानी का शीर्षक

अथवा

सोमा बुआ

(क) मारवाड़ी विधवा वधू

अथवा

भाभी की दयनीय स्थिति

(ड) किसी **एक** वाक्य का विचार विस्तार कीजिए ।

(1) दुविधा में दोनों गए, माया मिली न राम ।

(2) बोया पेड़ बबूल का तो आम कहाँ से होय ।

4. संक्षेप में अथवा सूचनानुसार उत्तर दीजिए । 12

(1) चीफ़ की दावत में किसने और कैसे रंग भर दिया ?

(2) सोमा बुआ अकेली क्यों थीं ?

(3) विशेषज्ञों के अनुसार भ्रष्टाचार कहाँ-कहाँ रहता है ?

(4) निम्न शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए :

(क) अरण्य

(ख) कमल

(5) निम्न शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :

(क) अज्ञात

(ख) चेतन

(6) निम्न शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए :

(क) अच्छर

(ख) कठीन

5. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को सूचनानुसार हल कीजिए । **14**

(क) 'हाँ' या 'ना' में उत्तर दीजिए ।

(1) रतनसिंह नेगी पोस्टमैन कहानी का पात्र है ।

(2) सोमा बुआ एक विधवा स्त्री हैं ।

(3) जगदम्बा बाबू ने महिला उद्धार समिति का गठन किया था ।

(4) भाभी के लिए काला अक्षर गाय बराबर था ।

(5) सदाचार के ताबीज़ में से सदाचार के स्वर निकलते थे ।

(ख) सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ।

(1) चीफ ________ के रहने वाले थे । (भारत, जापान, अमरीका)

(2) पोस्टमैन एक ________ है । (कहानी, उपन्यास, नाटक)

(3) सोमा बुआ के बेटे का नाम ________ था । (माधव, हरखू, परशु)

(4) राजा ने विशेषज्ञ जाति के ________ आदमी बुलाए । (तीन, पाँच, सात)

(5) ललौना ________ के कारण अपाहिज हो गया था । (अकस्मात, बुखार, पोलिओ)

(ग) सही जोड़े मिलाइए :

(1) पोस्टमैन	(i) महादेवी
(2) अकेली	(ii) शहाबुद्दीन शेख
(3) भाभी	(iii) मन्नू भंडारी
(4) गद्य फुलवारी	(iv) शैलेष मटियानी